प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
दिनांक : 01/09/2026 समय :7.10एएम

मुख्य समाचार :–

- सर्वोच्च न्यायालय ने नीट पेपर लीक मुद्दे से जुड़े छात्र प्रदर्शनों की सभी प्राथमिकी बंद का आदेश दिया।

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एससीओ शिखर सम्मेलन में आतंकवाद को ध्वस्त करने का आह्वान किया।

- प्रदेश मंत्रिपरिषद ने प्रदेश के विकास से जुड़े करीब 41 हजार करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी।
- प्रदेश में अगले चार दिन भारी बारिश की संभावना, उमरिया और बालाघाट में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी।

सर्वोच्च न्यायालय - छात्र प्रदर्शन

सर्वोच्च न्यायालय ने 20 से 25 जुलाई के बीच देशभर में नीट पेपर लीक मुद्दे के सम्बंध में छात्र प्रदर्शनों से जुडी सभी प्राथमिकी बंद करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने इन मामलों में आगे जांच न करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने केन्द्र सरकार, दिल्ली पुलिस, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और असम के दायर आवेदनों में उल्लेखित छात्र प्रदर्शनों से जुडी प्राथमिकियां भी रद्द कर दी हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी० मोहना की पीठ ने संविधान के अनुच्छेद - 142 के अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय को मिली विशेष शक्तियों के तहत यह आदेश दिया।

प्रधानमंत्री-बिश्केक यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किर्गिज गणराज्य की राजधानी बिश्केक में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन - एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की 26वीं बैठक में भाग लिया। शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने सभी सदस्य देशों से आतंकवाद के वित्तपोषण, भर्ती, कट्टरपंथ और उनके

सुरक्षित ठिकानों के पूरे तंत्र को ध्वस्त करने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। श्री मोदी ने दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्षों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने जोर देकर कहा कि युद्ध और संघर्ष किसी भी समस्या का समाधान नहीं हैं, और सभी विवादों को केवल बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से ही सुलझाना चाहिए।

मंत्रि-परिषद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेश के विकास और बुनियादी ढांचे के लिए करीब 41 हजार करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि वीबी जी राम जी योजना के लिए 29 हजार 619 करोड़, डेयरी विकास के लिए 2 हजार 973 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। भोपाल, उज्जैन और जबलपुर में तीन नए प्रौद्योगिकी एवं कौशल विश्वविद्यालय स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। साथ हि श्री सिंह ने बताया की नवगठित जिलों में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के कार्यालयों के लिए पदों की संख्या बढ़ाने को मंजूरी भी दी गई है।

मुख्यमंत्री- अर्थव्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। अप्रैल से जून 2026 की तिमाही में देश की जीडीपी वृद्धि दर 7 दशमलव 8 प्रतिशत रही, जो गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था ने शानदार प्रदर्शन किया है और जनकल्याणकारी योजनाओं से आर्थिक समृद्धि को गति मिल रही है।

मुख्यमंत्री लैपटॉप- राशि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत प्रदेश के लगभग एक लाख 22 हजार मेधावी विद्यार्थियों के खातों में लैपटॉप खरीदने के

लिए 304 करोड़ 98 लाख रुपये से अधिक की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को 25 हजार रुपये मिले। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से सफलता में विनम्र रहने और असफलता से सीखकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

बलराम जयंती

ग्वालियर में कल बलराम जयंती के अवसर पर राज्य स्तरीय किसान समागम आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में शामिल होंगे। मेला मैदान में तैयारियां तेज हैं। किसानों के लिए कृषि प्रदर्शनी, पेयजल और विशेष सेवा काउंटर की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा और यातायात के भी व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं।

सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज शिवपुरी में अमृत भारत रेलवे स्टेशन और पोहरी रेलवे ब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्री सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सिंधिया ने कहा कि आधुनिक रेलवे स्टेशन और ब्रिज से शिवपुरी में रेल कनेक्टिविटी, व्यापार, पर्यटन और आवागमन को मजबूती मिलेगी। इससे पहले उन्होंने अनुसूचित जाति के 50-सीटर प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास का लोकार्पण और विभिन्न सड़कों के निर्माण का भूमिपूजन भी किया।

प्याज

देश में प्याज की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने सुरक्षित भंडार से प्याज बाजार में भेजना शुरू कर दिया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए 'कांदा एक्सप्रेस' मालगाड़ियों और ट्रकों के जरिए देश के प्रमुख शहरों में प्याज की सुनियोजित आपूर्ति की जा रही है।

समीक्षा

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने आज मंत्रालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित 106 छात्रावासों में 8 सितंबर से मेस संचालन अनिवार्य रूप से शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों को पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन समय पर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। साथ ही विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना का पोर्टल lky भर खुला रखने और हर तीन माह में साक्षात्कार आयोजित करने के निर्देश दिए।

मौसम

प्रदेश में अगले चार दिन भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने उमरिया और बालाघाट में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया

है, जबकि

सतना, रीवा, पन्ना, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, कटनी, मैहर, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, जब लपुर, मंडला, सिवनी और छिंदवाड़ा में भारी बारिश की चेतावनी है।

टी-20 सीरीज

भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। श्रेयस अय्यर को कप्तान बनाया गया है, जबकि वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। संजू सैमसन और ईशान किशन विकेटकीपर होंगे। सीरीज का पहला मुकाबला 13 सितंबर को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम में जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल सहित सात खिलाड़ियों की वापसी हुई है।

समाचार संक्षेप में:-

- देवास जिले के खातेगांव में 5 सितंबर को विकासखण्ड स्तरीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे.

- सीहोर में  आष्टा के सांदीपनि सीएम राइज़ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने बी.ए. प्रथम वर्ष की मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है।
- नीमच जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव ने कल जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को तत्काल एवं आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
- गुना कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में आवेदनों के परीक्षण के बाद रेडक्रॉस के माध्यम से जरूरतमंद हितग्राहियों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई।
- शहडोल के बिरसा मुंडा शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पहले राउंड की काउंसलिंग 3 सितंबर तक संचालित होगी।
- झाबुआ में आयोजित  एनकोर्ड और जिला स्तरीय नशामुक्ति समिति की बैठक में 'ड्रग फ्री झाबुआ' के लिए वर्ष 2026-29 का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने पर चर्चा हुई।
- आलीराजपुर कलेक्टर ने जानकारी दी है की 85 गांवों के खेतों में नर्मदा का पानी छोड़ा जायेगा
- राजगढ़ में  सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह 02 सितंबर को कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित किया जाएगा।
- धार  वन विभाग की टीम ने लगभग 3 टन अवैध खैर लकड़ी और परिवहन में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया।

-------------